## Regarding issues of labour class working in glass industry in Firozabad

श्री अक्षय यादव **(फिरोज़ाबाद) :** सभापति महोदया, मेरा संसदीय क्षेत्र फिरोजाबाद है । फिरोजाबाद कांच उद्योग के लिए जाना जाता है । मेरा क्षेत्र एक इंडस्ट्रीयल क्षेत्र है, जहां रोजगार लेबर के तौर पर सबसे ज्यादा मिलता है । फिरोजाबाद की लेबर क्लास की दुदर्शा हो रखी है । लेबर क्लॉस में सबसे ज्यादा मुस्लिम, दलित और पिछड़े लोग काम करते हैं । बड़े-बड़े उद्योग चलते हैं, जिसमें तय सीमा से ज्यादा देर तक काम कराया जाता है, लेकिन वाजिब मूल्य नहीं मिलता है । ज्यादा देर तक काम करने की वजह से बीमारियां फैलती हैं ।

**<u>14.00 hrs</u>**

महोदया, मैं आपके माध्यम से सरकार से प्रार्थना करता हूं कि फिरोजाबाद के अंदर एक ईएसआई अस्पताल खुलवाने की कृपा करें । वहां पर जो लेबर क्लास काम कर रही है, उसको वाजिब मूल्य मिल सके और उसको सरकार की तरफ से सुविधाएं मिलनी चाहिए, वे मिलती रहें । वहां ठेकेदारों के द्वारा उन लोगों को जो परेशान किया जाता है, उसको खत्म करवाया जाए ।

धन्यवाद ।

माननीय सभापति **:** माननीय सदस्य श्री भरतभाई मनुभाई सुतारिया जी ? उपस्थित नहीं ।